समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# महाराष्ट्र: रक्षा उत्पादक कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द! सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली कंपनी MIL के निर्देश।

Publisher Published on 03 May 2025



## नागपुर : राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन तात्कालिकता को देखते हुए MIL ने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कीं. चांदा आयुध संयंत्र सहित सभी इकाइयों को ड्यूटी पर पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश.

**भारतीय सेना (Indian Army)** के लिए गोला-बारूद बनाने वाली **रक्षा मंत्रालय** की मुख्य कंपनी **म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (MIL)** ने अपनी सभी इकाइयों के लिए कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है. यह फैसला **2 मई** को राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन संबंधी तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है.

इसी निर्देश के अनुसार महाराष्ट्र के **चंद्रपुर** जिले में स्थित **चांदा आयुध संयंत्र,** जो रक्षा उत्पादों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ने परिपत्र जारी कर शुक्रवार (2 मई) को अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दीं.

### कर्मचारियों को बिना चूके ड्यूटी पर आने के निर्देश

संयंत्र के उप महाप्रबंधक द्वारा जारी किए गए परिपत्र में कहा गया है कि '**म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (MIL)**' के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुसार, "**सभी प्रकार की छुट्टियां**" तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं. जारी परिपत्र में कहा गया है कि सभी कर्मचारियों को बिना चूके ड्यूटी पर आना चाहिए और "**इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान**" राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप निर्बाध उपस्थिति एवं योगदान सुनिश्चित करना चाहिए.

### राष्ट्रीय सुरक्षा और तात्कालिकता के मद्देनजर लिया गया निर्णय

परिपत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश "**राष्ट्रीय सुरक्षा के हित मे और परिचालन संबंधी तात्कालिकता**" के

मद्देनजर जारी किया गया है, ताकि संयंत्र की कार्यक्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. इसके साथ ही, यह भी कहा गया कि केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही किसी भ कर्मचारी को छुट्टी दी जाएगी.

## कर्मचारियों को चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना

इस कदम के माध्यम से आयुध संयंत्र ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी देश की सुरक्षा में कोई बाधा उत्पन्न न करे. यह आदेश संयंत्र के कर्मचारियों को एक चुनौतीपूर्ण स्थिति में डालता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक तैयारी के संदर्भ में यह कदम बेहद आवश्यक माना गया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.